हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

06 बारिश में मिट्टी का कटाव बढ़ने से प्रभावित हो...



09 शहर में स्टेट हाईवे का 100 मीटर का हिस्सा बना...






## बंगाल की खाड़ी से बादलों का यू-टर्न और करेगा बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के कमजोर पड़ने के बावजूद, इसका व्यापक असर मध्य प्रदेश के मौसम पर दिखाई दे रहा है।

इसके साथ ही अरब सागर में सक्रिय डिप्रेशन और राज्य पर बनी ट्रफ लाइन के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हो गया है, जिसने ठंड को समय से पहले बढ़ा दिया है।



# चक्रवात 'मोंथा' का असर, बारिश व घने कोहरे के बीच छिपी पचमढ़ी, कम हुई विजिबिलिटी

### पर्यटन स्थल पचमढ़ी में बदला मौसम

प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में मौसम ने सबसे ज्यादा करवट ली है। पिछले 24 घंटों में यहां रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे वातावरण में नमी बढ़ गई है। बारिश और नमी के चलते पचमढ़ी के कई इलाकों में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। जिससे परेशानी बढ़ गई।

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चलने का अलर्ट जारी किया है।

### फसलों पर चिंता

बेमौसम बारिश के कारण किसानों की रबी की फसलों (जैसे- धान और सोयाबीन) को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे जल निकासी की उचित व्यवस्था करें और फसलों को सुरक्षित रखने के उपाय करें।


### जनजीवन प्रभावित

कई स्थानों पर आंधी और बारिश के कारण सामान्य जनजीवन और यातायात भी प्रभावित हुआ है। लोग सड़कों पर अपने वाहन बहुत ही धीमी गति से निकाले गये।

### तापमान में गिरावटः पर्यटकों की बढ़ी संख्या

दिन और रात के न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। ठंडी हवाओं के कारण लोगों को गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम के अचानक खुशनुमा हो जाने से प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पचमढ़ी में पर्यटकों की चहल-पहल बढ़ गई है। हालांकि, कोहरे और बारिश के चलते सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### बरतें सावधानियां



- गाड़ी की रफ़्तार धीमी रखें।
- लाइट्स का सही उपयोग करें।
- सुरक्षित दूरी बनाए रखें,
- लेन अनुशासन बनाए :
- विजिबिलिटी बढ़ाए

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**नर्मदापुरम।** नालसा, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर श्रीमती तृप्ती शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किए जाने के लिए 13 दिसंबर 2025 को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, नर्मदापुरम तथा तहसील न्यायालय, इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया जाएगा।

### एकता, अखंडता व सुरक्षा का आज लेंगे संकल्प

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 31 अक्टूबर को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजन की सहभागिता से रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

### नर्मदापुरम कमिश्नर ने संभागीय समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# जिले के रेन बसेरों एवं बारिश से खराब हुई सड़कों की स्थिति ठीक की जाए: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गत दिवस संभागीय समय सीमा की बैठक में एमपी आरडीसी, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क परियोजना एवं समस्त नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह बारिश के दौरान खराब हो चुकी अपनी सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से कराना शुरू कर दें। कमिश्नर ने कहा कि कई जगह से शिकायत प्राप्त हो रही है कि बारिश के कारण सड़क चलने के लायक भी नहीं बची है।

सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। आम नागरिक के वाहन सड़क के गड्ढे में फंस रहे हैं। लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। कमिश्नर ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपनी खराब हुई सड़कों की मरम्मत तत्काल शुरू कराए।

नर्मदापुरम कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गत दिवस संभागीय समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### रैन बसेरों में व्यवस्थाएं की जाएं

कमिश्नर श्री तिवारी ने नगरीय प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आगामी ठंड की रितु को दृष्टिगत रखते हुए अपने सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले रेन बसेरों की स्थिति को ठीक करें। रेन बसेरे में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए। रेन बसेरे साफ और स्वच्छ रहे। चादर तकिए कंबल साफ स्वच्छ रहे। साथ ही भीषण ठंड की स्थिति में मुख्य चौक चौराहो एवं रेन बसेरा में अलाव की भी व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए।

### ई-ऑफिस प्रणाली का अधिकारी लें प्रशिक्षण

ई ऑफिस सिस्टम की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स अपने अधीनस्थ समस्त एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का एक बार पुनः ई ऑफिस सिस्टम से प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि वर्तमान में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालयों एवं जनपद पंचायत कार्यालयों से ई ऑफिस सिस्टम के तहत फाइलों का मूवमेंट कम है अभी भी कई जगहों पर ई ऑफिस सिस्टम समझ में ना आने के कारण ऑफलाइन कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत अनिवार्य रूप से ई ऑफिस सिस्टम से कार्य करने की ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से लेंगे। संभागीय समय सीमा की बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों को योजनाओं को दिलाएं लाभ

कमिश्नर ने हितग्राही मूलक विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपनी हितग्राही मूलक योजनाओ में जो राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में ट्रांसफर करते हैं उस राशि का ट्रांजैक्शन हितग्राही के सही बैंक खातों में किया जाए, यदि किसी कारण वश राशि का ट्रांजैक्शन बैंक खाता गलत होने या अन्य कारणो से फेल होता है तो प्राथमिकता से हितग्राही के बैंक खातों के ट्रांजैक्शन को सुधारा जाए।

## एसएएफ जवान आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में 25वीं बटालियन एसएएफ के कांस्टेबल लोचन सिंह यादव के सुसाइड केस में देहात थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरक्षक लोचन सिंह यादव की पत्नी प्रीति यादव, उसके ससुर रामकरण यादव, सास और साले को आरोपी बनाया है।



आरक्षक लोचन सिंह ने बुधवार को आत्महत्या की थी, पुलिस को उनके पास से सुसाइड नोट मिला। गुरुवार को सुसाइड नोट के आधार पर उनकी पत्नी, सास, ससुर और साले के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### लगाया प्रताड़ना का लगाया आरोप

एसएएफ कांस्टेबल ने पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए लिखा कि इनकी वजह से मैं जान दे रहा हूं। सुसाइड नोट के अलावा कांस्टेबल सुबह 5 बजे वाट्सएप पर मैसेज परिजन को भेजा था जिसमें उसने अपनी पत्नी, सास, ससुर और साले से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी। मृतक ने उसकी लाश पर पत्नी समेत इन लोगों की परछाई भी न पड़ने की बात भी मैसेज में लिखी। इन सभी पर गुरुवार को पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।

मृतक लोचन सिंह यादव का देहात थाने के वैदिक बिहारी कॉलोनी में मकान है। मंगलवार रात को वो घर पर अकेला था। सुबह 5 बजे उसने अपने परिजन को मैसेज था। घबराकर बुधवार सुबह 10 बजे जब उसकी बहन और भाई घर पहुंचे तो दरवाजे में अंदर से ताला लगा था। पुलिस को बुलाकर ताला तुड़वाया गया। कमरे के अंदर आरक्षक लोचन फांसी के फंदे पर लटका था। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसके मोबाइल को जांच के लिए जब्त किया। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया घटनास्थल पर सुसाइड नोट मिला था। जिसमें लोचन सिंह यादव ने लिखा है कि आज फांसी लगा रहा हूं। वो भी मेरी पत्नी प्रीति यादव रामकरण यादव गुजरवाड़ा इन्होंने मुझे इतना परेशान किया है और आज में प्रीति के कारण, उसकी मम्मी और भाई के कारण फांसी लगा रहा हूं। मेरी लाश या मेरे शरीर के पास इन लोगों की परछाई भी न पड़े।

## नपा जनसुनवाई में 9 जनसमस्याओं का मौके पर हल, अन्य का निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए प्रति गुरूवार को जनसुनवाई शुरू की गई है। जिसका लाभ नागरिकों को हो रहा है। आज कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा जनसुनवाई की गई।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ शपटले के निर्देश पर की गई जनसुनवाई में 9 आवेदकों द्वारा आवेदन देकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया गया। समस्याओं में प्रमुख रूप से



वार्ड नंबर 11 मालाखेड़ी निवासी रामकुमार गौर की मृत्यु उपरांत उनके परिजनों द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता के लिए आवेदन किया है। जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही लाइट, पानी, सफाई से संबंधित आवेदन दिए गए जिनका निराकरण कराया गया। इसके अलावा कुछ आवेदकों को द्वारा राशन कार्ड को समर्पित किया गया। नपाध्यक्ष श्रमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले के सख्त निर्देश हैं कि जनसुनवाई में जो भी समस्याएं आती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाएगा।

## लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम पर लगाया गया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र नर्मदापुरम के ऑपरेटर द्वारा लोक सेवा केन्द्र से अनाधिकृत रूप से आय मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु कोरे पेपर पर लोक सेवा नर्मदापुरम की सील साईन लगाकर एम.पी. ऑनलाईन सेंटर को प्रदाय किये जाने की अनियमितता के संबंध में रवि ट्रेडर्स (अतुल जैन) इटारसी संचालक, लोक सेवा केन्द्र नर्मदापुरम को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। संचालक लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तथा जांच में पाया गया कि लोक सेवा केन्द्र नर्मदापुरम में कार्यरत ऑपरेटर श्री अरूण यादव द्वारा अनाधिकृत रूप से बजरंगी एम.पी. ऑनलाईन सेंटर को आय मूल निवासी एवं अन्य प्रकार के प्रमाण पत्र दिये जा रहे थे। तत्संबंध में कलेक्टर एवं सचिव, जिला ई गवर्नेंस सोसायटी, नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा में निहित प्रावधानों के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र का संचालन नहीं करने पर रवि टेडर्स, संचालक, लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम के विरुद्ध 10000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। तथा उक्त ऑपरेटर अरूण यादव को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है और बजरंगी एम.पी. ऑनलाईन सेंटर नर्मदापुरम पर कार्यवाही की जाएगी।

## पं. रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में हुआ जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नर्मदा पुरम में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 के अंतर्गत वक्तृता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले के अनेक महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने अपनी सुनिश्चित की ।

उक्त प्रतियोगिता में निर्णायकों के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अनंत तिवारी जी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बी एन उपाध्याय जी तथा जानेमाने संगीतज्ञ व भजन गायक नमन तिवारी उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा की




भूमिका में शासकीय एमजीएम पीजी महाविद्यालय इटारसी की तृप्ति ओंकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर शासकीय अग्रणी गृह विज्ञान पीजी महाविद्यालय नर्मदापुरम की खुशी पटेल रही। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय ₹पारंपरिक ज्ञान बनाम आधुनिक ज्ञान क्या दोनों के बीच संतुलन संभव है?₹में पक्ष में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के अभय अमोले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विपक्ष में खुशी पटेल प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन, जिला युवा उत्सव समन्वय डॉ प्रीति आनंद उदयपुर, प्राध्यापक तथा कालेज का स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नर्मदा कॉलेज में हुई सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई गतिविधियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पीएमसीओई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ विनोद राय, सहायक प्राध्यापक इतिहास शासकीय महाविद्यालय डोलरिया ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया ।उन्होंने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लापरवाही ट्रैफिक नियमों की अनदेखी एवं अत्यधिक गति से वाहन चलाना है यदि हर व्यक्ति यातायात नियमों का पालन करें तो अनेक जान बचाई जा सकती हैं।

इसके उपरांत रैली निकालकर शहर वासियों को जागरूक किया गया इसमें स्वयंसेवक धर्मेंद्र कटारे, प्रिंस कीर, मनीष कीर ,अंकित कहार, पूजा पुरी आदि मौजूद रहे।

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति हुई बैठक

## निगरानी समिति की बैठक में आवंटित रेत खदानों की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की विस्तृत जानकारी ली।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सांसद खेल महोत्सव में शिक्षा विभाग की महती भूमिका की प्रशंसा की। एवं राजथरी सहित स्वीकृत नवीन भवन निर्माण के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला एवं महिला अस्पताल




सहित समस्त समुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों एवं डॉक्टरों की उचित व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ओवरलोड ट्रांसफार्मरकी क्षमता वृद्धि करने नवीन स्वीकृत सब स्टेशनों के शीघ्र निर्माण एवं कृषि पंपो की क्षमता वृद्धि एवं लगातार अधिक बिल की शिकायतों के निराकरण के लिए अधीक्षण अभियंता को शिविर लगाकर समस्याओं के निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नर्मदा मैया में मशीनों से खनन न हो इसके लिए विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। आवंटित खदानों की जानकारी तहसील एवं पंचायत में चश्मा करने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन में हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान अब तक पूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय सत्यापन करने के भी निर्देश बैठक के दौरान दिए गए। मनरेगा कार्यो की समीक्षा के दौरान सांसद श्री चौधरी ने जॉब कार्ड की प्रक्रिया को सहज करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन एवं निर्मित सड़कों के संबंध में भी जानकारी लेकर निर्देश दिए गए। पीएम सड़क योजना की समीक्षा में सांसद ने नई गाइडलाइन के क्रम में नए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

## देव उठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता दल हुआ तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देवउठनी एकादशी के अवसर पर संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए नर्मदापुरम जिले में प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला और ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कानूनी अपराध है। इस अधिनियम के अनुसार बाल विवाह में शामिल माता पिता, अभिभावक, रिश्तेदार, पंडित, मौलवी, पादरी, मैरिज ब्यूरो, कैटरर्स, प्रिंटिंग प्रेस संचालक, घोड़े वाले, बाजे वाले और विवाह में उपस्थित सभी व्यक्ति दोषी माने जाते हैं। ऐसे मामलों में एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

बाल विवाह रोकने के लिए विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास, बाल विकास परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम और सेक्टर पर्यवेक्षक नर्मदापुरम शामिल हैं। ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी और सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग के सदस्य शामिल होंगे। ये उड़नदस्ता दल अपने-अपने क्षेत्रों में विवाह स्थलों का भ्रमण करेंगे। यदि किसी स्थान पर बाल विवाह की सूचना मिलती है या ऐसा पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### छात्र ने स्कूल के पीछे लगाई फांसी

**बैतूल।** चोपना में बुधवार को शासकीय हाई स्कूल शक्तिगढ़ के कक्षा 9वीं के छात्र आदित्य ने स्कूल के पीछे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे की है, जब स्कूल के अन्य छात्र पास के मंदिर में भंडारे में गए थे। कुछ छात्रों ने ही आदित्य का शव पेड़ पर लटका देखा। गुरुवार को घोड़ाडोंगरी सीएचसी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गहन जांच की मांग की है। सूचना मिलते ही चोपना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए घोड़ाडोंगरी अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी रवि शाक्य ने बताया कि छात्र का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। इधर परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी और बच्चा सामान्य रूप से स्कूल गया था। मृतक के चाचा जगदीश ने आरोप लगाया कि, जो कुछ हुआ, वह स्कूल के अंदर ही हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आत्महत्या में इस्तेमाल की गई रस्सी भी छात्र स्कूल से ही ले गया था। परिजनों ने सवाल उठाया कि जब छात्र कक्षा से गायब था तो शिक्षकों को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। शक्तिगढ़ हाई स्कूल के प्राचार्य प्रेम राकसे ने जानकारी दी कि लंच से पहले तक आदित्य कक्षा में मौजूद था। लंच के बाद जब पढ़ाई शुरू हुई तो उसका बैग कक्षा में था, लेकिन वह नहीं मिला। तीन छात्रों ने उसकी तलाश की और स्कूल के पीछे नदी की ओर गए, जहां उन्होंने पेड़ पर शव देखा। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने इस मामले में गहन जांच की मांग की है।

### वर्षा से प्रभावित किसानों की फसलों का किया सर्वे

**बैतूल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में माह सितंबर एवं अक्टूबर 2025 में वर्षा से खरीफ की फसलों को हुए नुकसान के संबंध में किसानों द्वारा फसल बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इन्श्योरेन्स के हेल्पलाइन नंबर-14447 पर 14 हजार 645 पात्र शिकायतें दर्ज की गई है। जिसमें सोयाबीन की 13 हजार 413, मक्का की 1 हजार 224, धान की 4, उड़द 3 तथा ज्वार की 1 शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें से बीमा कंपनी के अधिकृत सर्वेयरों एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा वर्तमान समय तक 14 हजार 253 शिकायतों से संबंधित किसानों के खेतों का सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 392 शिकायतों का सर्वे कार्य प्रगतिरत है।

### बडोरा में साधना अनुष्ठान जारी

**बैतूल।** बडोरा ग्राम में परम वंदनीय माताजी एवं अखंड ज्योति जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर कार्तिक मास में प्रातःकाल 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक त्रिवेणी ध्यान साधना, दीपदान और सूर्य अर्ध्य का सतत क्रम अलग-अलग घरों में प्रतिदिन हो रहा है। प्रति रविवार को साप्ताहिक गायत्री यज्ञ भी अलग-अलग घरों में संपन्न हो रहा है, जिसमें गायत्री परिवार बैतूल के तहसील सह समन्वयक सहित ग्रामवासी और परिजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। गायत्री परिवार बैतूल के तहसील सह समन्वयक देवेन्द्र साहू ने बताया कि कार्तिक मास में सामूहिक दीपदान का अत्यंत महत्व है। भगवान शंकर ने विश्व कल्याण हेतु कार्तिकेय को दीपदान करने की प्रेरणा दी थी, जिसके आधार पर यह परंपरा सनातन धर्म में आस्था और आध्यात्मिक शक्ति का आधार बनकर आज भी जीवंत है। दीपदान मंदिरों, पवित्र देवस्थानों, तीर्थ सरोवरों और नदियों के किनारे प्रातःकाल या संध्या काल में किया जाना विशेष पुण्यकारी माना गया है। स्कंध पुराण और अग्नि पुराण में भी दीपदान और सूर्य अर्ध्य का विस्तृत उल्लेख मिलता है। बडोरा ग्राम में प्रतिदिन होने वाले इस कार्यक्रम में गायत्री परिजन भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक ज्ञान तथा सनातन धर्म के प्रति जन-जागरण का संदेश दे रहे हैं।

---

पुल-पुलिया के समीप हुए कटाव को अब तक नहीं भरा

# बारिश में मिट्टी का कटाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश से पुल-पुलिया का कटाव यानि पुल-पुलिया के किनारे से, जो मिट्टी बही थी, उसे अभी तक नहीं भरा गया है। इससे भविष्य में पुलिया या सडक़ धंसने की संभावनाएं बढ़ गई है। कुछ स्थानों पर हालात यह है कि संकरे पुल-पुलिया के दोनों ओर मिट्टी का कटाव सडक़ तक पहुंच गया है। करबला घाट के पास पुलिया पर मिट्टी के कटाव से वाहनों के गिरने और अनियंत्रित होकर स्लिप होने की संभावनाएं और बढ़ गई है।

बता दे कि शहर के करबला के पास पुलिया के बगल में मिट्टी गायब हो गई है। करबला के पास की इस पुलिया के ऊपर डामर ही रह गया है, नीचे से मिट्टी धंसक गई है। 6-6 फीट गहरे कटाव हो गए हैं। ऐसे में समय रहते कटाव नहीं भरा तो कटाव और बढ़ जायेगा। इस स्थिति में कोई भारी वाहन पुल-पुलिया से गुजरता है तो जमीन धंसने या सडक धंसने से बड़ा हादसा भी हो सकता है। करबला पुल के पास रोड के ऊपर डामर है, नीचे मिट्टी पूरी धंसक गई है। लेकिन मरम्मत नहीं करवाई है, जबकि यहां पर सामान्य कारों के साथ बस और ट्रक भी गुजरते हैं। जिससे वाहन चालकों में इस पुल को पार करते समय हमेशा हादसे का खतरा



बना रहता है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग की ईई प्रीति पटेल को फोन लगाया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

#### इंदौर फोरलेन को जोड़ती है सडक़ की यह पुलिया

शहर को इंदौर फोरलेन के साथ परतवाड़ा मार्ग से जोडऩे वाली सडक़ पर करबला घाट के पास यह पुलिया है। यदि यह पुलिया धंसती है या क्षतिग्रस्त होती है तो वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही इंदौर हाइवे पर पहुंचने के लिए आठनेर रोड से हाइवे पर चढक़र इंदौर रोड पर जाना होगा। इस दौरान बडोरा चौक पर वाहन चालकों को ट्रॉफिक की समस्या से भी जुझना पड़ेगा। बता दे कि करबला पुल निर्माण का टैंडर हो चुका है, लेकिन इस पुलिया के निर्माण के लिए अभी तक कोई भी योजना तैयार नहीं की है। वाहन चालकों का कहना है कि समय रहते पुलिया निर्माण या मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले बरसात के समय तक यह पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

#### कई बार लग जाता है लंबा जाम

करबला के पास की यह पुलिया मिट्टी के कटाव के कारण काफी संकरी हो गई है। जिस पर से एक समय एक ही वाहन निकल सकता है। ऐसे में एक-एक कर वाहन निकलने के कारण दूसरी तरफ लंबा जाम लग जाता है। चूंकि यह पुलिया करबला पुल से बिलकुल लगी हुई है। इस कारण इस पुलिया का निर्माण किया जाना आवश्यक है, क्योंकि कुछ ही समय बाद करबला पुल का निर्माण भी शुरू होने वाला है। ऐसे में इस पुलिया से वाहनों का आवागमन और बढ़ जायेगा। कंस्ट्रक्शन के लिए मटेरियल लेकर वाहन इसी पुलिया से गुजरेगे। इसके अलावा इंदौर-नागपुर हाइवे पर पहुंचने के लिए भी अधिकांश लंबे रूट के ट्रक इसी मार्ग का सहारा लेते है। इस स्थिति में इस पुलिया का निर्माण अति आवश्यक हो जाता है।

#### सुधार करवाएंगे

*फिलहाल यह पीडब्ल्यूडी के अंडर आती है। हमने सिर्फ अनापत्ति पत्र लिया है कि यदि हमारा प्रोजेक्ट पास होता है तो सडक़ निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही पुलिया भी बनाते, लेकिन अभी हमारे प्रोजेक्ट के लिए शासन से पैसा भी नहीं मिला है। प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलती है तो हम पुलिया निर्माण या सुधार करवा देगे।*

*- नीरज धुर्वे,*
*एई, नगरपालिका बैतूल*

## सड़क हुई खराब, बढ़ रही दुर्घटनाएं

**शाहपुर।** मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम कुंडी जोड़ जो टोल प्लाजा से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर है, टोल प्लाजा पर वसूली तो जारी है, परंतु रोड बनाने वाली कंपनी के रोड का हाल बहुत बुरा है। कुंडी ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ कंपनी के द्वारा बनाए गए मार्ग की हालत बहुत खराब हो चुकी है। कुंडी बस स्टॉप के पास से ग्राम कुंडी में जाने वाला मार्ग उबड़ खाबड़ गड्ढों में तब्दील हो गया है। ग्राम के शैलेंद्र वटके और आशा वर्मा ने बताया कि यहां पर आए दिन रोज दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल सवारों के साथ हो रही है। बाइक चालक स्लिप होकर गिर जाते है, तो वहीं किसी के सिर में चोट लगती है। बावजूद टोल प्लाजा कुंडी के द्वारा इस और ध्यान दिया जा रहा है।



---

मायके वालों ने पति पर लगाए आरोप

## एक दिन से लापता महिला का कुएं में मिला शव



**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र के जीन गांव में गुरुवार सुबह एक 36 साल की विवाहिता का शव उसके घर के पीछे बने कुएं में मिला। मृतका की पहचान जीन बाजार मोहल्ला निवासी सोनल पति जितेंद्र (लड्डू) राठौर के रूप में हुई है।

सोनल बुधवार से लापता थीं, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके पति ने चिचोली थाने में दर्ज कराई थी। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने कुएं में शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। चिचोली पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मृतका के भाई दुर्गेश राठौर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की हत्या उसके पति ने की है। उन्होंने बताया कि सोनल के चेहरे पर चोट के निशान थे और वह लंबे समय से ससुराल वालों की प्रताडऩा झेल रही थीं। दुर्गेश के अनुसार उनके जीजा सोनल को अक्सर पीटते थे और कुछ महीने पहले टाइफाइड होने पर भी इलाज नहीं करवाया, न ही उन्हें मायके आने दिया। मृतका की मामी ने भी ससुराल पक्ष पर प्रताडऩा और हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सोनल के लापता होने के बाद ससुराल वालों ने उन्हें खोजने का कोई प्रयास नहीं किया। मायके पक्ष के लोग जब जीन पहुंचे और घर के पीछे कुएं में देखा, तब सोनल का शव पानी में तैरता मिला। वहीं, महिला के पति जितेंद्र राठौर ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अचानक घर से लापता हो गई थीं। जितेंद्र ने कहा कि गुरुवार सुबह कुएं में शव दिखाई देने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का।

### गोपाष्टमी पर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए खंडेलवाल





**बैतूल।** दशहरा मैदान अयोध्या बायपास रोड़ भोपाल में आयोजित गोपाष्टमी कार्यक्रम में प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के साथ बैतूल नगर सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल शामिल हुए। इस अवसर पर गौ सांसद युवराज मालवी गौड़, कामेश्वर सिंह सहित अन्य गौ भक्त मौजूद थे। वहां से लौटते हुए श्री खंडेलवाल घोड़ाडोंगरी स्थित घोडाडोंगरी स्थित गोपाला गौशाला में पहुंचकर वह माता की पूजा की। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उइके, प्रीति वर्धन, गौ सांसद युवराज मालवीय, गौ सांसद प्रतिनिध डॉ राकेश मालवीय, गौ सेवक गणेश दरबई, गौ पार्षद शिव नामदेव, शिव नामदेव, अजय कुमार, राजू महाराज, नगरपालिका अध्यक्ष दीपक वर्मा, गौ सांसद प्रतिनिधि डॉ राकेश मालवीय, आशीष साहू, आदि रहे मौजूद।

---

## नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आईडी कार्ड, नकद राशि एवं मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

रामसिंह पिता केदार सिंह सिकरवार (65) निवासी शोभापुर थाना सारनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र को नागपुर की गैलन इंडिया लिमिटेड में नौकरी लगवाने का झांसा देकर राजीव सिंह पिता दिवाकर सिंह (46) निवासी आदिवासी सोसायटी, थाना हुडकेश्वर, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) ने 2,20,000 नगद लिए और बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया। फरियाद पर थाना सारनी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी राजीव सिंह खैरवानी जोड़ पर देखा गया है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई



करते हुए आरोपी को मौके पर जाकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से आरोपी की फोटो लगी दो फर्जी वोटर आईडी कार्ड (रितेश पिता जमनादास पनिया, अतुल पिता संतोष तिवारी, निवासी इंदौर के नाम से), ओर आरोपी की फोटो लगी दो फर्जी रोजगार अधिकारी (म.प्र. रोजगार पोर्टल) के आइकार्ड, तीन मोबाइल फोन तथा 10,000 नगद राशि जप्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह फर्जी आईडी बनाकर भोलेभाले लोगों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करता था। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार के अपराध किए जाने की संभावना जताई गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत की जाए मक्का की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मक्का उत्पादक किसानों ने अपनी फसल की खरीदी दर में सुधार की मांग को लेकर गुरुवार को आठनेर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान किसानों ने उनकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर 7 दिनों में मांगे पूर्ण किए जाने की बात कही। किसानों ने ऐसा नहीं होने पर आठनेर में एक दिवसीय धारना देकर मंडी गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने की भी चेतावनी दी। किसानों का कहना है कि कम दरों पर फसल बेचने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। खेती में बढ़ती लागत, खाद, बीज और मजदूरी दरों के बीच किसानों की आय लगातार घट रही है। ऐसे में सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य रामचरण इरपाचे, जनपद सदस्य दीपक चौरे ने बताया कि इस वर्ष मक्का की मंडियों में दरें 1300 से 1700 प्रति क्विंटल तक ही मिल रही



हैं, जो कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी 2400 प्रति क्विंटल से काफी कम हैं। किसानों ने मांग की है कि मक्का की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत की जाए। वर्तमान बाजार दरों को बढ़ाकर एमएसपी के बराबर किया जाए, जो कि विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 2400 प्रति क्विंटल है। भविष्य में मक्का की खरीदी उचित एवं लाभकारी दरों पर सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य गुलाब चंद सोलंकी, जनपद सदस्य पंकज बंजारे, मंसू चौरे, पूर्व जनपद सदस्य किसान राजू डडोरे, प्रफुल्ल धाकड़ सहित आठनेर क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों किसान शामिल थे।

## किसानों व सर्वहारा वर्ग की खुशहाली हेतु मां ताप्ती चुनरी पद यात्रा 5 नवम्बर को

### हजारों धर्म प्रेमियों के साथ पदयात्रा करते हैं पूर्व विधायक डागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पूर्व विधायक निलय डागा के नेतृत्व में बैतूल से खेड़ी ताप्ती घाट तक प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा इस वर्ष आगामी 5 नवंबर को निकाली जाएगी। मां ताप्ती के भक्त मोंटी चौधरी ने बताया कि यह यात्रा अब एक जनआस्था का महापर्व बन चुकी है, जिसने पूरे जिले को एक सूत्र में बांध दिया है।

ये वही यात्रा है जो सूर्य पुत्री जीवनदायिनी मां ताप्ती के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बन चुकी है और किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली की प्रार्थना का माध्यम भी है। मां ताप्ती के भक्त पूर्व विधायक निलय डागा के नेतृत्व में लगातार 9वें वर्ष यह धार्मिक यात्रा बैतूल से खेड़ी ताप्ती घाट तक प्रस्थान करेगी। विगत वर्षों में इस पदयात्रा को जिलेभर से मिला अपार समर्थन, श्रद्धा और जनसहभागिता ने इसे जनआस्था का



पर्व बना दिया है। पूर्व विधायक निलय डागा ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा यात्रा से प्रेरित होकर उन्होंने इस धार्मिक परंपरा की शुरुआत की थी। तब से लेकर अब तक यह यात्रा लगातार श्रद्धा, भक्ति और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन गई है। उन्होंने कहा कि चुनरी पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य मां ताप्ती से जिले के किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली, समृद्धि और कल्याण की कामना करना है। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर यह पदयात्रा 5 नवंबर को सुबह 7 बजे कोठी बाजार लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होगी। श्रद्धालु यहां से थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर ग्राम दनोरा, भड़ूस, महदगांव, डहरगांव, खेड़ी सांवलीगढ़ होते हुए दोपहर 2 बजे ताप्ती घाट पहुंचेंगे। मां ताप्ती को चुनरी अर्पित कर जिले की समृद्धि की प्रार्थना करेंगे। निलय डागा ने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह विशुद्ध धार्मिक भावना से निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों से यह यात्रा जिले में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनी हुई है।

## विधायक ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देकर की एक लाख रुपए देने की घोषणा

### थाना प्रभारी को आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के दिए निर्देश

**मुलताई।** ग्राम खरसाली निवासी आदिवासी युवक की हत्या की घटना के बाद शोक में डूबे मृतक के परिवार को सांत्वना देने के लिए गुरुवार को विधायक चंद्रशेखर देशमुख ग्राम खरसाली पहुंचे। विधायक श्री देशमुख ने मृतक के परिजनों से चर्चा कर घटना पर दुख जताते हुए परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वही आर्थिक सहायता बतौर एक लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को रात 8.30 बजे के दरमियान बस स्टैंड के सामने स्थित किसान स्तंभ के पीछे से पारेगांव जाने वाले मार्ग पर स्थित श्री होटल के सामने अपने दोस्तों के साथ चाय पी रहे ग्राम खरसाली निवासी आदित्य पिता राजू टेकाम 20 साल और उसके दोस्त सतीश के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी। इस दौरान एक आरोपी ने आदित्य पर चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल आदित्य का सरकारी अस्पताल में उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही आदित्य की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस प्रकरण में चार नामजद और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। गुरुवार सुबह विधायक श्री देशमुख भाजपा नेताओं के साथ ग्राम खरसाली पहुंचे। श्री देशमुख ने मृतक आदित्य के पिता राजू टेकाम सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ है। आरोपियों



को जल्द जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। श्री देशमुख ने मृतक के परिजनों के सामने ही थाना प्रभारी को फोन लगाकर आरोपियों को शीघ्र पकडऩे की निर्देश दिए। विधायक देशमुख ने कहा कि ऐसी घटना दोबारा ना हो इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने क्षेत्र में नशे एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने की बात भी कही। श्री देशमुख ने मृतक के परिवार को एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। वही मृतक के परिवार के मकान की हालत देखते हुए श्री देशमुख ने सरपंच को त्वरित रूप से कार्रवाई कर मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश पाठक, उपेंद्र पाठक, नपा सभापति अजय यादव सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

लाड़ो अभियान के तहत जिले में रोके 10 बाल विवाह

## महिला एवं बाल विकास विभाग की सतर्क टीमों ने बचाया नाबालिग बालिकाओं का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में लाड़ो अभियान के तहत चलाए जा रहे बाल विवाह रोकथाम अभियान का असर साफ दिखने लगा है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, प्रशासन और चाइल्ड लाइन की संयुक्त कार्रवाई से वर्ष 2025-26 में अब तक 10 बाल विवाह होने से रोके गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि सभी मामलों में विभागीय टीमों की तत्परता और परिवारों की समझदारी से नाबालिक बालिकाओं का भविष्य अंधकार में जाने से बचा है। ग्राम वारेढाना में 16 मई को नाबालिक बालिका का विवाह होने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। परियोजना अधिकारी श्रीमती रामबाई गुबरेले के नेतृत्व में अधिकारियों ने परिवार को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी। समझाइश के बाद परिवार ने बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह कराने की सहमति दी। ग्राम धनोरा में नाबालिक बालिका का विवाह 10 मई को होना तय था। सूचना मिलते ही प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती रंजीता जोशी, विभाग की टीम एवं स्थानीय सरपंच, ग्राम कोटवार, आंगनवाड़ी



कार्यकर्ता उमा देवी बारस्कर, नासिका मालवी, स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचकर विवाह रुकवाया। इसी ब्लॉक के ग्राम मातका धायवाणी पंचायत में चाइल्डलाइन से मिली सूचना पर भी टीम ने नाबालिक विवाह रुकवाया। परिजनों ने बालिका की 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर विवाह करने का वचन दिया। ग्राम डोहलन में महाराष्ट्र से आई सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग की वीरमति उबनारे, तहसीलदार, थाना प्रभारी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की टीम ने पहुंचकर बाल विवाह रोका। दोनों पक्षों को समझाइश देकर विवाह स्थगित कराया गया।

#### कानूनी जानकारी से बदला नजरिया

*ग्राम चिखलार और हिवरखेडी में दो घटनाओं में परियोजना अधिकारी निरमल सिंह ठाकुर की टीम ने बाल विवाह रोकते हुए परिवारों को कानूनी प्रावधान बताए। बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लडकी व 21 वर्ष से कम उम्र के लडके का विवाह दंडनीय अपराध है, जिसमें 2 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। ग्राम बारामाचा में 30 अप्रैल 2025 को और भैसदेही के शहरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 हनुमान वार्ड में नाबालिक का विवाह 29 अप्रैल 2025 होने की सूचना पर प्रभारी परियोजना अधिकारी, उषा मसीह, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की टीम से संगीता आजने, पर्यवेक्षक, बीसी, आंगनवाडी कार्यकर्ता ठाकुर, कविता कावडकर सभी मौके पर पहुंचे और बाल विवाह रुकवाए। परिवारों ने विभाग की समझाइश मानते हुए बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की बात कही। नगर के वार्ड क्रमांक 30, विष्णुसिंह गोंड वार्ड में 30 अप्रैल 2025 को नाबालिक का विवाह होने की सूचना पर परियोजना अधिकारी प्रभारी संगीता धुर्वे आंगनवाडी कार्यकर्ता शालिनी, आशा कार्यकर्ता, पार्षद विवाह स्थल पर पहुंचे। नाबालिक के परिवार वालों से बात कर समझाईश देते विवाह रुकवाया गया।*

संक्षेप खबर

## शुभ्र तिवारी खेलेंगे अंडर 14 फुटबॉल टीम में



इटारसी। एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र शुभ्र तिवारी का चयन राष्ट्रीय अंडर 14 मध्यप्रदेश की फुटबॉल टीम में हुआ। बता दे कि शुभ्र कढ़ावर रेल यूनियन नेता एवं समाजसेवी प्रीतम तिवारी के पुत्र है। यह चयन बड़वानी में लगातार 15 दिन के कैंप के बाद हुआ। शुभ्र के चयन पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डैनी पांडे, सचिन दीपक परदेसी, मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव अमित देव, रंजन रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब के संरक्षक गुड्डन शास्त्री पांडे, कैलाश शर्मा, सुरेश गोयल, अनिल मिहानी, जितेंद्र ओझा सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि नया यार्ड से ऐसी खेल प्रतिभा जो फुटबॉल के खेल में लगातार राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम पंचायत का नाम रोशन कर रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि ग्रामीण अंचल में फुटबॉल का अच्छा स्तर है। गुरुवार को अमरकंटक एक्सप्रेस से सुबह 5:30 बजे मध्यप्रदेश की टीम, छत्तीसगढ़ नारायणपुर खेलने रवाना हुई।

कई बार प्रशासन करा चुका पुराव, बरसात में पुनः हो जाते हैं गड्ढे

# शहर में स्टेट हाईवे का 100 मीटर का हिस्सा बना हुआ है 3 वर्षों से दुखदाई

स्टेट हाईवे नागरिकों के लिए दुखदाई बना हुआ है। इस पर बरसाती व निस्तारी पानी जमा होता है, जिसके कारण बार सुधार के बाद भी हाईवे में पुनः गड्ढे बन जाते हैं। जिससे राहगीर परेशान हो रहे हैं। नागरिकों ने समस्या निराकरण की मांग की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सीएम राइज़ स्कूल के सामने स्टेट हाईवे नागरिकों के लिए दुखदाई बना हुआ है। इस पर बरसाती व निस्तारी पानी जमा होता है, जिसके कारण बार सुधार के बाद भी हाईवे में पुनः गड्ढे बन जाते हैं।

नागरिकों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। जब बरसात में ये गड्ढे और भी गहरे हो जाते हैं। क्योंकि काफी दिनों तक बरसाती पानी सड़क पर जमा रहता है। जिसके कारण बाहरी वाहन चालकों के साथ दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार स्थानीय नागरिकों के दोपहिया वाहन भी बरसाती गंदे पानी में छिपे गड्ढों के कारण दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। शहरवासियों के अनुसार तीन वर्ष से अधिक समय से इस समस्या का समाधान स्थानीय प्रशासन नहीं कर पा रहा है। जबकि जिस स्थल पर पानी जमा होता है, वहां लोक निर्माण विभाग की वर्षों पुरानी एक पुलिया भी स्थित है, जिससे निकासी की राह प्रशासन नहीं खोल पा रहा है।

### अब तक लाखों रुपए व्यय

इधर प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में स्टेट हाईवे के लगभग 100 मीटर के इस हिस्से के सुधार के लिए दर्जनों बार प्रशासनिक स्तर पर कार्य हुए हैं। कई बार स्थानीय नगर निकाय ने तो कई बार लोक निर्माण विभाग अथवा मध्य प्रदेश राज्य मार्ग निर्माण के जिम्मेदार विभाग के द्वारा गड्ढों का पुराव तथा सड़क का सुधार किया गया है। इस कार्य में पिछले तीन वर्षों में ही लाखों रुपए व्यय की संभावना सूत्रों ने व्यक्त की है। लेकिन बड़ी राशि व्यय के बाद भी नागरिकों को आसान आवाजाही एवं सुगम यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिसे लेकर जनता में भारी नाराजगी है।

### नहीं जल निकासी व्यवस्था

क्षेत्रवासियों के अनुसार हाईवे पर जहां पानी एकत्र होता है, वहां सड़क का तल निचला है। जहां सड़क के दोनों ओर से बरसाती पानी एवं सरदार वार्ड का नालियों का पानी एकत्र होता है, लेकिन निकासी की व्यवस्था नहीं है। नप सोहागपुर कई बार पुरानी पुलिया के दोनों ओर गड्ढे खोदकर सड़क का पानी हटाती रही है। लेकिन गड्ढे भरने पर फिर परेशानी बढ़ जाती है। सूत्र बताते हैं कि नगर परिषद निचले तल से ऊंचे तल की ओर नाली बनाने का विचार कर रही है। लेकिन इस पर आसपास के व्यापारियों को आपत्ति है। जिनका कहना है कि नाली का अंतिम छोर सड़क के ऊंचे तल पर होगा, जहां नाली गहरी बनानी होगी। जिससे दुर्घटनाओं का डर सदैव बना रहेगा। अतः पानी निकासी के लिए तकनीकी रूप से सक्षम एजेंसी से सर्वे कराया जाना चाहिए।

# बाजार में घुस रहे भारी वाहन बिगड़ी यातायात व्यवस्था

अधिकारी बदले लेकिन व्यवस्था जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का आवागमन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर के बीचोंबीच ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे बड़े वाहनों के प्रवेश से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाईपास बनने के बाद भी इन वाहनों का गुजरना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

शहर के प्रमुख मार्ग जेल रोड, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, नर्मदा मंदिर मार्ग और शासकीय अस्पताल परिसर, इन दिनों भारी वाहनों, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण जाम से जूझ रहे हैं। दुकानदारों ने सड़क तक पाँच-पाँच फीट तक दुकानें फैला रखी हैं, जिससे राहगीरों को निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस विभाग की लापरवाही से स्थिति बदतर हो चुकी है। छोटे वाहनों के चालान तो कभी-कभी काटे जाते हैं, लेकिन भारी वाहनों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती। बाईपास मार्ग पर निगरानी की कमी और पुलिस की ढिलाई के चलते ट्रक और ट्रैक्टर अब भी शहर के बीच से गुजर रहे हैं।

स्थानीय नागरिक रामलाल ने कहा, भारी वाहन तेज गति से चलते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रशासन को चाहिए कि शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और बाईपास मार्ग को सक्रिय रूप से उपयोग में लाया जाए। नागरिकों ने यह भी कहा कि अधिकारी बदलते रहते हैं,लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं होता। बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही अवैध पार्किंग पर नियंत्रण किया गया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर को जाम और हादसों से राहत देने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# रीवा से अपहृत बालिकाओं को जीआरपी ने सकुशल लौटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को रीवा पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की थाना सोहागी जिला रीवा की तीन अपहृत बालिका राजकोट तरफ जाने वाली किसी ट्रेन में बैठकर जा रही हैं। सूचना पर से इटारसी जीआरपी थाना के ए एसआई गयाप्रसाद, आरक्षक अमित कुशवाहा और अमित अमित कौशिक द्वारा पूरे स्टेशन परिसर इटारसी एवं राजकोट तरफ जाने वाली ट्रेनों में अपहृत बालिकाओं की तलाश की गई।

तलाश के दौरान तीनों अपहृत बालिकाएं प्लेटफार्म नंबर दो पर मिली। जिन्हें रीवा पुलिस के आने तक जीआरपी थाना इटारसी के महिला डेक्स में सुरक्षित बैठाया गया एवं रीवा पुलिस के आने पर बालिकाओं को रीवा पुलिस को सपोर्ट किया गया।

# गैस कंटेनर ब्लास्ट के घायलों के सामने परिवार पालने का संकट

पीढ़ितों ने शासन से लगाई गुहार, मुश्किल समय में सरकार करे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार शाम खेड़ा क्षेत्र में एक एथेनॉल गैस टैंकर में वेल्डिंग के दौरान हुए भीषण विस्फोट में घायल हुए लोगों ने अब सरकार से मदद की गुहार लगाई है। विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल ये सभी लोग गरीब पृष्ठभूमि से हैं और उनका कहना है कि इस हादसे ने उनके सामने घर चलाने का विकट संकट खड़ा कर दिया है।

घायलों, जिनमें वेल्डिंग का काम करने वाले निताई बख्शी, शहजाद खान, आकाश यादव, और भगवती पाल शामिल हैं, उन्होंने एक स्वर में सरकार से मुआवजे और तत्काल सहायता की मांग की है।

### इलाज का खर्च और परिवार की रोटी

घायलों की पीड़ा केवल शारीरिक नहीं है, बल्कि उनकी मजबूरी आर्थिक भी है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा हमारे इलाज का पूरा पैसा सरकार दे और जब तक हमारा उपचार चल रहा है और हम काम करने में सक्षम नहीं हैं, तब तक हमारे घर का खर्च सरकार उठाए। ये सभी दिहाड़ी मजदूर या छोटे कामगार हैं। घायल होने के बाद उनका काम पूरी तरह ठप हो गया है। उनके परिवारों में कमाने वाला कोई दूसरा नहीं है, जिससे इलाज के साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण की चिंता उन्हें सता रही है।



### अंधेरे में डूबा भविष्य

वेल्डिंग करने वाले निताई बख्शी, शहजाद खान, आकाश यादव, और भगवती पाल जैसे लोग अपनी मेहनत से परिवार का पेट पालते थे। अचानक हुए इस हादसे ने न सिर्फ उन्हें बिस्तर पर ला दिया है, बल्कि उनके परिवार के भविष्य को भी अंधेरे में धकेल दिया है। परिजनों की आंखें नम हैं, एक तरफ अपनों के इलाज की चिंता है, तो दूसरी तरफ घर में राशन कैसे आएगा इसकी फिक्र।

### गत दिनों नेशनल हाईवे पर 46 पर खेड़ा पर हुआ था हादसा

मंगलवार को शाम करीब पौने पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर खेड़ा क्षेत्र में एथेनॉल गैस के खाली टैंकर में वेल्डिंग के दौरान यह जोरदार ब्लास्ट हुआ था, जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। अब इन गरीब घायलों की उम्मीदें केवल सरकार पर टिकी हैं कि उनकी पीड़ा को समझते हुए जल्द से जल्द आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम

पिपरिया। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के तथा सभी जनपद पंचायत क्षेत्र से है-हय क्षत्रिय कल्चुरी कलार समाज के लगभग 800मकान की आबादी वाले हजारों की संख्या में सभी परिवारों ने अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल के निवास स्थान से कलार समाज के भवन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओंके द्वारा संचालित किया गया। कल्चुरी कलार समाज महिला मंडल सचिव जया राजीव जायसवाल ने बताया कि शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी परिवारों ने हिस्सा लिया। मुख्य रुप से समाज के अध्यक्ष विनोद कटकवार, सचिव प्रवीण मालवीय, सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पूर्व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सफेद कुर्ता पजामा में सभी पुरुष वर्ग शामिल हुए। महिलाओं ने गुलाबी रंग की साड़ियों में आकर्षण काकेंद्र बनी शोभायात्रा निकाली गई। सुधा राय कंचन जायसवाल, अरविंद राय, कुलदीप जायसवाल हंसमुख जायसवाल सहित अन्य सभी शामिल हुए। लेकिन अनेकानेक प्रतिष्ठान होने पर भी किसी फ्लेक्स नहीं लगवाया नहीं कही स्वागत किया गया। मंगलवारथाने के पास चौराहे पर हिंदू उत्सव समिति,नगर पालिका परिषद, मंगलवारा दुर्गा मंदिर समिति ने पूजन कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।कलार भवन में प्रारंभ में गणेश वंदना के बाद भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा के उपरांत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। स्वर्गीय प्रताप नारायण कटकबार साइंस अवार्ड से कक्षा 12वी के विज्ञान एवं गणित विषय पर 75%से अधिक लाने वाले बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिए गए । तथा सभी को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया गया। स्नेह भोज के साथ समापन हुआ।



# सागाखेड़ा खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बेटियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम सांगा खेड़ा खुर्द की सरपंच रामवती उईके की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना माखन नगर में आंगनबाड़ी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

किशोरी बालिकाओं,को पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा द्वारा योजना से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गई छात्राओं को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना, बालिकाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण का महत्व, जेन्डर समानता और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। किशोरियों में मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास, आत्म-सम्मान और जीवन कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गई और उन्हें जागरूक किया गया। किशोरी बालिकाओं, और अन्य प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया एवं पुरस्कार वितरण किए गए कार्यकर्ता एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।




# अवैध शराब पर कार्रवाई करने कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पिछले कुछ समय से नर्मदापुरम जिले के गांवों में अवैध शराब की जमकर बिक्री हो रही है। अवैध शराब की बिक्री को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओ के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर सोनिया मीना से मिले। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, ग्रामीण कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रकांत बहारे ने कलेक्टर से चर्चा करते हुये कहा आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब बेची जा रही है। जिससे किसानों के बच्चे एवं युवाओं का भविष्य बर्बाद हो आसपास लोगों को तकलीफ हो रही है। उक्त विषय पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही हम ग्रामीण क्षेत्रों में जांच करकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे।इस अवसर पर नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अनोखी राजोरिया, प्रहलाद आठनेरे, पूर्व जनपद सदस्य मेहरा गांव चंदू दुबे सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# आदिवासी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

सीहोर। कोलुआखेड़ी के आदिवासी किसानों के लिए स्वीकृत ट्रांसफार्मर आदिवासी मोहल्ले में ही लगाए जाने की मांग जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के द्वारा की गई है। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासियों ने जयस जिलाध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव को ज्ञापन दिया है। जयस कार्यकर्ताओं ने एक साप्ताह में मांग पूरी नहीं होने पर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी भी प्रशासन को दी है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पंचायत अनसूईया तहसील इछावर के ग्राम कोलुआखेड़ी के आदिवासियों ने बताया कि गांव के आदिवासी मोहल्ले के लिए बीते साल बिजली के लिए ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ था लेकिन आदिवासी मोहल्ले में न लगाकर अधिकारियों ने मिलीभगत कर गांव के राहुल वर्मा पिता देवी सिंह की निजी जमीन पर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर दिया है। जबकि उक्त बिजली ट्रांसफार्मर आदिवासी मोहल्ले में लगने के लिए शासन के द्वारा भेजा गया था जिससे की आदिवासी बस्ती के लोगों को बिजली की सुविधा मिलती लेकिन आज भी आदिवासी मोहल्ले में अंधकार छाया हुआ है। इस संबंध में आदिवासियों ने कई बार बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिए है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। जिस के कारण आदिवासी अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हो रहे है। आदिवसी जयस के कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह, सोन मक्रवाल, रोहित, श्याम सिंह, श्यामलाल, भंवरलाल, शंकरलाल, रामेश्वर, मुकुल, भोलासिंह, शारदा बाई, सीता बाई, ओमप्रकाश, साधूसिंह, रमेश, राजकुमार, मुकेश, शेर सिंह, श्याम सिंह, विजय, लादर सिंह, रामलाल आदि ने स्वीकृत ट्रांसफार्मर को आदिवासी मोहल्ले में स्थापित करवाया जाने की मांग की है।



# मोरघाट के किसान ने फसल बर्बादी और कर्ज से तंग आकर दी जान, ब्लॉक कांग्रेस ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मोरघाट गांव के किसान विकास यादव ने मक्का की फसल पूरी तरह नष्ट हो जाने और बढ़ते कर्ज़ के दबाव में आकर 22 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। बताया गया कि लगातार खराब मौसम और नुकसान के कारण परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश किसान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल, किसान नेता केदार सिरोही, और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौके पर पहुँचे। उन्होंने मृतक किसान के परिवार को ढांढस बंधाया और शासन-प्रशासन से तत्काल आर्थिक मदद और कर्ज़ माफी की मांग की।

इस मौके पर धर्मेन्द्र चौहान ने कहा "यह मौत नहीं, बल्कि सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है। प्रदेश का किसान बदहाल है, फसल बीमा योजना कागज़ों में सिमट गई है और राहत राशि समय पर नहीं मिल रही। सरकार किसानों की आत्महत्याओं की जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।" वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने कहा कि किसान आज अपनी ही जमीन पर असहाय हो गया है। उन्होंने शासन से मांग की कि मृतक किसान के परिवार को तत्काल आर्थिक मुआवज़ा, बकाया कर्ज़ माफी और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल ने प्रशासन से जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति का विशेष सर्वे कराने और संकटग्रस्त किसानों को समय पर राहत देने की मांग की, ताकि ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हों। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण शर्मा, अजय पटेल, बाबू चौधरी, जितेंद्र सोलंकी, सुशील रघुवंशी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जंगल-मंगल मना रहे वन्यप्राणी

# लैला और फायर लाइन बाघिनों के 'फैमिली शो' ने मचाई सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिनों दो बाघिनों लैला और फायर लाइन के वावकों के 'फैमिली शो' ने धूम मचा रखी है। दोनों बाघिन अपने शावकों के साथ जंगल सफारी ट्रैक पर आ जाते हैं, जिसके चलते पर्यटकों में भारी उत्साह है। बाघ वंश की इस वृद्धि से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन बहुत खुश है, क्योंकि यह बाघ संरक्षण के लिये किये जाते सफल प्रयासों का परिणाम है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में चूरना की ओर स्थित कोर क्षेत्र में लैला बाघिन अपने चार शावकों के साथ लगातार देखी जा रही है। जिसके चलते उस क्षेत्र में सफारी बुकिंग लगातार फुल जा रही हैं।

वहीं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई टूरिज्म जोन के आसपास के कोर क्षेत्र में बाघिन फायर लाइन को शावकों के साथ लगातार देखा जा रहा है। कोर क्षेत्र में बाघ परिवार के नन्हें सदस्यों की अठखेलियों ने पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रखा है।





## जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा इटारसी के समक्ष प्रीति जैन पत्नि भारत जैन एवं भारत जैन आत्मज संतोष कुमार जैन अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी प्लाट नं. एलआईजी-148 रकबा 66 वर्गमीटर याने 710.16 वर्गफुट जिसके पूर्व में- एलआईजी-149 ,पश्चिम में- एलआईजी-147, उत्तर में- एलआईजी भवन ,दक्षिण में -रास्ता जो वार्ड नं. 13 गोपाल नगर प्रियदर्शनी नगर न्यास कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म. प्र. में स्थित है। को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति प्रीति जैन पनि भारत जैन एवं भारत जैन आत्मज संतोष कुमार जैन ने विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त विक्रय पत्र की लिंक लीजडीड दिनांक 11/05/2006 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1019 पृष्ठ क्रमांक 53-62 दस्तावेज क्रमांक 164 जो पट्टादाता मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद इटारसी ने पट्टाग्रहिता गुलाबचंद नामदेव आत्मज प्यारेलाल नामदेव को निष्पादित की थी उक्त लिंक लीजडीड गारंटर स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है।

यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्य आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति पर / लिंक लीजडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
एन. के साहू अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी मो. नं. 9425040080

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में आज शपथ दिलाई जाएगी

**हरदा।** राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी।

### रन फॉर यूनिटी आज

**हरदा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 8 बजे स्थानीय घंटाघर चौक से शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा तक किया जाएगा।

### भावांतर योजना के लिए हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ

**हरदा।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में मदद के लिये भावांतर हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन का दूरभाष नंबर 0755-2704555 है। योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए किसान, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड / मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह हेल्पलाइन 30 अक्टूबर 2025 से निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी। हेल्पलाइन प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक निरंतर कार्य करेगी। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए कोई भी किसान, व्यापारी अथवा संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है।

### अवैध मदिरा के विक्रय के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम हेतु हरदा के टंकी मोहल्ला एवं खेड़ीपुरा में दबिश देकर कुल 41 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 670 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 75200 रूपये है।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति रहती है। ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है।

---

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय नवमी का पर्व उत्साह से मनाया

# महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा कर आरोग्यता व सुख-समृद्धि की कामना की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरुवार को अक्षय नवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर, कृषि उपज मंडी के पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर और नेहरू पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ पर सूत बांधकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस पर्व में सहभागिता की। महिलाओं में पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। पूजा के बाद महिलाओं ने आंवले के पेड़ की परिक्रमा लगाई और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। राजधानी कॉलोनी निवासी मंजिता शुक्ला ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन किया गया तप, जप और दान कभी क्षय नहीं होता। यह व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त कर मनोकामनाएं पूरी करता है। मान्यता है कि अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और शिवजी का वास होता है। इस वृक्ष के नीचे बैठने और भोजन करने से रोगों का नाश होता है। स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजन के बाद पेड़ की छाया में भोजन करने से सभी प्रकार के पाप और बीमारियां दूर होती हैं।

### स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी का त्योहार

कार्यक्रम की संयोजिका एवं सोनी समाज की सांस्कृतिक प्रभारी सुधा सोनी ने बताया कि आंवला नवमी के अवसर पर सोनी समाज की महिलाओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आंवले के पेड़ के नीचे आंवला नवमी का उपवास त्यौहार के रूप में मनाया। यह कार्यक्रम पूर्णतः पौराणिक रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। सभी महिलाओं ने अपने अपने घर से भोजन बनाकर लाए और आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर एक साथ किया। इसके पहले पूजन अर्चन किया बाद में एक साथ भोजन किया। साथ ही सभी महिलाओं ने एक दूसरे को कुम कुम किया। इस अवसर पर दिवाली के बाद प्रथम दिवाली मिलन के रूप में भी देखा गया। सभी महिलाओं ने निर्णय किया कि इसी तरह हर कार्यक्रम समाज की महिलाएं मिल जुल कर मनाएगी। जिससे कि समाज में एकता स्थापित की जा सके। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य कमला सोनी के साथ सुनीता सोनी, मनीषा, सीमा सोनी, अल्का सोनी, मनीषा सोनी, रानी सोनी, मेघा सोनी, गरिमा सोनी, नित्या सोनी, ज्ञानवी सोनी एवं अन्य समाज की महिलाएं उपस्थित रही।



### महिलाओं ने पारंपरिक रूप से आंवला वृक्ष की पूजा की और कथा सुनी

रहटगांव। आंवला नवमी का त्याहार श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने मंदिरो में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद आंवला पेड़ के नीचे बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक रूप से आंवला वृक्ष की पूजा की और कथा सुनी। इसके बाद अपने घर से प्रसाद स्वरुप बनाकर लाए हुए भोजन को पहले भगवान को अर्पित किया। फिर वहीं आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी की पूजा करने से मुक्ति और मोक्ष प्राप्त होता है। सुबह से ही लोग यहां पूजा की गई। आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। रहटगांव में आज नवमी तिथि पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने घर से बनाकर जो लाते हैं वह आंवला पेड़ के नीचे बैठकर खाते हैं।घर से हम खीर, पुड़ी, सब्जी, हलवा, भजिया और अगरौटा लेकर आए हैं।

---

कलेक्टर के अफसरों को निर्देश

# नहरों की गुणवत्तापूर्ण ग्रेडिंग कर मरम्मत समय सीमा में पूर्ण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के पलासनेर, मसनगांव, भिरंगी, नादंवा ग्रामों का दौरा कर नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रबी फसल के लिए किसानों को सुगम रूप से सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु तवा जलाशय से पानी आपूर्ति की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर तक के किसानों को भी सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने नहरों की गुणवत्तापूर्ण ग्रेडिंग कर सभी छोटी-बड़ी मरम्मत कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर सिंचाई के लिए जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव प्राप्त किए। इस अवसर पर एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी, सहायक यंत्री जल संसाधन विभाग मौसम पोर्ते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

3 दिन से सूरज नहीं निकला

# न्यूनतम तापमान 8 डिग्री गिरा, ठंडी हवा से बढ़ी ठंड

**सीहोर।** जिले में समुद्री तूफान के प्रभाव से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। पिछले तीन दिनों से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा चल रही हैं। इसके चलते न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे ठंडक बढ़ गई है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाई हैं। जिले के कई इलाकों में रुक-रुक कर हल्की बारिश का दौर जारी है। मानसून की वापसी के बाद भी पिछले तीन दिनों में जिले में मानसून जैसी सक्रियता दर्ज की गई है। इस दौरान जावर में 0.31 इंच, सीहोर में 0.04 इंच, श्यामपुर में 0.10 इंच, आष्टा में 0.08 इंच, इछावर में 0.28 इंच, भेरूंदा में 0.20 इंच और रेहटी में 0.17 इंच बारिश हुई है। जिले में कुल औसत बारिश 0.15 इंच रिकॉर्ड की गई। 1 जून से अब तक सीहोर जिले में कुल 43.08 इंच (1094.3 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 45.98 इंच बारिश हुई थी।

---

# कुश्ती प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मिलकर चर्चा की

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सीहोर जिले में संपन्न हुई थी




**हरदा।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक बालिका उज्जैन एवं 17 वर्ष व 19 वर्ष आयु बालक बालिका सीहोर जिले में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हरदा जिले के हर्षल बिश्नोई, दिव्यांश पवार एवं हर्ष घटेला ने गोल्ड मेडल जीता है। इसी प्रकार प्रशांत जाट, लकी बिश्नोई, दिव्यांश बिश्नोई ने सिल्वर मेडल एवं कृष्णा बिश्नोई, विराट बिश्नोई, लकी बिश्नोई, कल्प बिश्नोई एवं बालिका वर्ग में वंशिका बिश्नोई ने कांस्य पदक प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश दल में चयन भी हुआ है। यह जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने दी। उन्होंने बताया कि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मेडल प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों से बुधवार को मुलाकात की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समन्वयक सलमा खान व सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग बलवंत पटेल एवं खिलाड़ी के पालक शेखर विश्नोई, हरनारायण विश्नोई उपस्थित थे। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री जाट ने बताया कि पानीपत हरियाणा में 1 से 5 नवम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के हर्ष घटेला एवं दिव्यांश पवार मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करने के लिये रवाना हुए।

---

आरोपियों को हरदा-इंदौर हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान पकड़ा

# पुलिस ने की कार्रवाई, 6.88 लाख रुपए की अवैध एमडी ड्रग्स के साथ तीन लोग को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की हंडिया थाना पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को हरदा-इंदौर हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान पकड़ा। उनके पास से 35 ग्राम एमडी ड्रग्स और अन्य सामान मिला है, जिसकी कुल कीमत करीब 6.88 लाख रुपये बताई गई है।


थाना प्रभारी आरपी कवरेती ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद हुंडई आई20 कार (टढ 12 उअ 7333) में तीन लोग खातेगांव से रिजगांव की ओर जा रहे हैं और उनके पास अवैध ड्रग्स है। इसके बाद पुलिस ने ग्राम बागरूल के पास हाईवे पर नाकाबंदी की। तीन आरोपी गिरफ्तार कुछ देर बाद कार दिखाई दी। पुलिस ने कार रोककर उसमें सवार तीनों से पूछताछ की। आरोपियों की पहचान सोनू सेन (25), नरेंद्र जाट (32) और महेंद्र जाट (25), तीनों निवासी रिजगांव, थाना हंडिया, के रूप में हुई। तलाशी में पुलिस को 35 ग्राम एमडी ड्रग्स पाउडर, तीन मोबाइल फोन, 6900 रुपये नकद और कार मिली। पुलिस ने कुल 6.88 लाख रुपये का सामान जब्त किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और कहां पहुंचाई जानी थी।

---

रेलवे ओवर ब्रिज के लिए एक बेहतर विकल्प का चयन करने की मांग

# व्यापारियों को प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण स्थल पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



शहर में ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर अभी से ही विवाद शुरू हो गया है। व्यापारी प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि खिरकिया शहर में रेलवे की पटरी शहर को बराबर के हिस्सों में बांटती है। रेलवे गेट के उस पार बड़ी आबादी है मंदिर मस्जिद शमशान कब्रिस्तान से लेकर कई शासकीय कार्यालय रेलवे गेट के दूसरे हिस्से में स्थित है।

वर्तमान समय में करीब 750 मीटर का ओवर ब्रिज बनना प्रस्तावित है इससे शहर के गरीब आम जनता एवं नागरिकों को लंबाई ज्यादा होने के कारण आवागमन में बहुत परेशानी होगी शहर दो हिस्सों में टूट जाएगा वर्तमान समय में खिड़कियां किसी हाईवे से लगा हुआ नहीं है रेलवे गेट के उस पार करीब 15 किलोमीटर के दूरी पर ही इंदिरा सागर बैकवॉटर आ जाता है जिसके चलते लंबी दूरी के भी कोई सड़क नहीं है । इन सब परिस्थितियों के चलते एक छोटा करीब 400 मीटर का ओवर ब्रिज ही बनाया जाए जिस शहर के नागरिकों को एक दूसरे हिस्से में आने-जाने में सुविधा रह सके इससे शहर टूटने से बच जाएगा । स्थिति तब बनी है जब दीपावली के दो दिन पहले राजस्व अमले ने नगर के मुख्य मार्ग पर जहां से ओवरब्रिज बना है वहां पर चूना लाइन डाली चूना लाइन के डलने के बाद बाड़ी मैदान जाने वाले मार्ग के आसपास दुकानदार चूना लाइन की जद में आ गए और इसके बाद से हड़कंप मच गया । चार दुकानदार और उनके मकान मुख्य मार्ग पर इस चूना लाइन में आ गए ।

### जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको से चर्चा किए बिना ही तैयार किया प्रस्ताव

खिरकिया में प्रस्तावित रेलवे फ्लाई ओवर बीज के मार्ग के संबंध में ज्ञापन भी नागरिकों के द्वारा दिया गया । प्रवीण अग्रवाल मनीष तिवारी उमेश चंद्रवंशी बृजेश सोनी का कहना है कि खिरकिया नगर में रेलवे ओवर बीज का निर्माण होना है जो कि खिरकिया नगर में मध्य से निकली रेल्वे लाईन दोनों ओर स्थित पांच-पांच वार्ड जोड़ेगा, वर्तमान में जिस ब्रिज के प्रस्ताव पर कार्रवाई चल रही है उसके संबंध में स्थानीय प्रशासन, नगर परिषद या राजस्व विभाग से एवं अन्य आम नागरीक या जनप्रतिनिधिर्या, नगर के गणमान्य नागरिको से चर्चा किये बिना ही तैयार किया गया जिसमें लगभग 100 परिवार विस्थापित किये जा रहें है, जिनसे भी उक्त संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई। वर्तमान में प्रस्ताव में बहुत अधिक भूमि एवं मकान, व्यावसायिक राम्पत्तियों का अधिग्रहण करना होगा जिससे शासन को अत्यधीक मुआवजा देना होगा, उक्त मार्ग के अतिरित अन्य विकल्प पलॉय ओवर ब्रीज के लिये है जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है, जिसके संबंध में हम लोगों के द्वारा सुझाव के तौर पर प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त अन्य मार्गो के नक्शे भी अवलोकन हेतु संलग्न किये जाये जो कि नगर की कम से कम भूमि अधिग्रहण एवं विस्थापन कर कम से कम लंबाई में बनाया जा सकता है। जिससे पैदल यात्री, रेहडी, ठेला गाडी आदि पर व्यापार करने वाला लोग जो दिन में कई बार रेलवे गेट पार करते है उन्हें भी ब्रिज पार करने में असुविधा होगी।

### दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ जाएगी

शासन की गाइड लाइन अनुसार भारी वाहनों का प्रवेश नगर में वर्जित किया गया है जिसके अनुसार उक्त फ्लॉय ओवर ब्रिज उक्त मार्ग के अनुसार नगर के मध्य से व्यावसायिक क्षेत्र में बनाया गया तो प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ जायेगी एवं खिरकिया नगर का व्यावसायिक क्षेत्र अत्यधिक मात्रा में प्रभावित हो जावें कई लोगो की जिविका उपार्जन संकट उत्पन्न हो जायेंगा। वर्तमान फ्लॉई ओवर ब्रीज के प्रस्ताव को स्थनित कर इस कार्य हेतु नगर हित में एक समिति बनाई जावे जिसने नगर के समस्त जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों को भी शामिल किया जायें ताकि वे इस विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रेल्वे ओवर ब्रिज के लिये एक बेहतर विकल्प का चयन कर सकें।

### इनका कहना है

ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा अभी तक भूमि अर्जन के लिए फाइल समिट नहीं की गई है, फाइल आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी । कुछ व्यापारियों की आपत्ति है उसका भी निराकरण किया जाएगा ।

शिवांगी बघेल
एसडीएम खिरकिया

---

# सिरकंबा, बरखेड़ी, झुंडगांव, झाड़पा, दुलिया के किसानों को दिए रबी सीजन के टिप्स

## डायग्नोस्टिक दल ने खेतों का भ्रमण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कृषि भिाग के डायग्नोस्टिक संयुक्त दल ने गुरूवार को विकासखंड हरदा के ग्राम सिरकंबा, बरखेड़ी, झुंडगांव, झाड़पा, दुलिया एवं गहाल के किसानों के खेत का भ्रमण कर भारतीय किसान संघ के साथ समन्वय स्थापित किया।

डायग्नोस्टिक दल में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ संध्या मुरे, अनुविभागीय अधिकारी कृषि हरदा रचना पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संगीता डावर एवं कृषि विस्तार अधिकारी जितेन्द्र मंडलोई उपस्थित थे। डायग्नोस्टिक दल ने किसान को मक्का फसल के लिये समसामयिक सलाह के रूप में फॉल आर्मी वॉर्म से बचाव हेतु ईमामैक्टिन बेंजोएट 1.9 प्रतिशत इसी एवं कोलोरोफायरीफोस 20 प्रतिशत इसी की 150 एमएल प्रति एकड़ की सलाह दी गई। साथ ही किसानों को आगामी रबी सीज़न की प्रमुख फसलों की बुआई, बीजोपचार, जैविक खेती एवं आगामी रबी सीजन की फसलों के लिए भी समसामयिकी सलाह दी।